मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-214
25/07/2024

मुख्यमंत्री ने संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति की समीक्षा की, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

मुख्य बिन्दु–

- कई जिलों में अल्प वर्षापात की स्थिति को देखते हुये ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिये 8 घंटे की जगह 14 घंटे प्रतिदिन निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय।

- कम वर्षापात की स्थिति को देखते हुये इच्छुक किसानों को डीजल अनुदान की स्वीकृति दी जाय।

- किसानों के हित में नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ताकि किसानों को पटवन में सहूलियत हो।

- बाढ़ और सुखाड़ दोनों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारी सतत् निगरानी करते रहें।

पटना, 25 जुलाई 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 01 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को वर्षापात की स्थिति से अवगत कराया तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा की गयी तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को धान एवं मक्का की रोपनी की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कई जिलों में अल्प वर्षापात की स्थिति को देखते हुये कल से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिये 8 घंटे की जगह 14 घंटे प्रतिदिन निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि कम वर्षापात की स्थिति को देखते हुये इच्छुक किसानों को डीजल अनुदान की स्वीकृति दी जाय। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि किसानों के हित में नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ताकि किसानों को पटवन में सहूलियत हो। उन्होंने

कहा कि बाढ़ और सुखाड़ दोनों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारी सतत् निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि हर चीज पर नजर रखनी है और पूरी तरह से सतर्क रहना है। मुस्तैदी के साथ सभी लोग लगे रहेंगे तो आपदा की स्थिति में लोगों को राहत मिलेगी।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******